रमाबाई अम्बेडकर मैदान

संक्षिप्त परिचय

- रमाबाई अम्बेडकर मैदान का निर्माण वर्ष 2007–2008 में किया गया।
- इस मैदान की लगभग 50 एकड़ भूमि समारोह स्थल सभा, सांस्कृतिक समारोह एवं प्रदर्शनी इत्यादि हेतु उपलब्ध है।
- रमाबाई अम्बेडकर मैदान की विशालता को दृष्टिगत रखते हुए नियोजन हेतु वास्तुविद् द्वारा उपलब्ध ड्राइंग के आधार पर विकास कार्य कराया गया।

मुख्य दर्शनीय स्थल

- गेटः– मैदान परिसर में 07 प्रवेश द्वार बनाये गये हैं एवं 02 इमरजेन्सी गेट स्थापित है।
- मुख्य मंचः– मैदान परिसर में डबल स्टेज का भव्य मंच है। इसमें स्टेनलेस स्टील रेलिंग, फाल्स सीलिंग, स्टोन वाल क्लैडिंग का कार्य कराया गया है। फर्श में मार्बल फ्लोरिंग तथा मंच की सुरक्षा हेतु एक सुरक्षा घेरा दीवार बनी हुई है। मंच पर पहुंचने हेतु रैम्प का निर्माण किया गया है।
- स्विस कॉटेजः– वी0आई0पी0 व अन्य अति विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों के लिए 02 स्विस कॉटेज निर्मित हैं, जो पूर्णतया वातानुकूलित एवं आधुनिक साज–सज्जा से परिपूर्ण है।
- पैडस्टलः– मंच के बायीं ओर डा0 भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति व दायीं ओर माता रमाबाई अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित है। पार्किंग पी–1 में डा0 भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा हेतु पैडस्टल का निर्माण किया गया है। दोनों प्रतिमाओं के चारों तरफ एक भव्य पार्क का निर्माण है।
- मीडिया मंचः– मुख्य मंच के सामने मीडिया मंच का निर्माण किया गया है।
- रैन बसेराः– जन सामान्य के ठहरने हेतु लगभग 30,000 वर्ग मीटर में 25X25 फीट के 38 कमरे निर्मित हैं। साथ ही 13 किचेन व शीतल जल हेतु एक ब्लॉक प्याऊ, मल निस्तारण हेतु 150 ट्वायलेट का निर्माण किया गया है।
- डोरमेट्रीः– मंच के सामने बायीं ओर स्टेडिया के नीचे लगभग 8000वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बड़े–बड़े 10 डोरमेट्री, हॉल का निर्माण किया गया है।

- सुरक्षा टॉवरः— संचालित उपकरणों की सुरक्षा, संरक्षा हेतु चयनित स्थलों पर सुरक्षा टॉवर का निर्माण किया गया है।

- जन सामान्य हेतु मैदान, स्टेडिया का निर्माणः— मंच के सम्मुख लगभग 1,25,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल पर मैदान विकसित किया गया है, जिसमें लगभग 30,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल पर स्टेडिया का निर्माण किया गया है। साथ ही साथ जन सैलाब को नियोजन करने हेतु पाइप की रेलिंग लगाते हुए दीर्घाओं का निर्माण किया गया है। स्टेडिया पर हैण्डरेल के रूप में स्टेनलैस स्टील की रेलिंग लगायी गयी है।

- अतिथि गृहः— अति विशिष्ट, मुख्य अतिथि, गणमान्य व्यक्तियों हेतु लगभग 1000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल पर उच्च विशिष्टयों सहित गेस्ट हाउस निर्मित किया गया हैं, जिसमें 04 सूट्स हैं।

- पार्किग पी—1ः— समारोह में आने वाले हल्के वाहनों के लिए मैदान के समीप पार्किंग पी—1 का निर्माण किया गया है, जिसमें लगभग 4000 हल्के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था है। पार्किंग परिक्षेत्र 80 एमएम रबर मोल्डेड टाइल्स व आवागमन स्थल, धूप व मनोरम दृश्यता के दृष्टिगत यथा लॉन में विभिन्न प्रजाति के पेड़—पौधों का रोपण किया गया है, जिसमें नीम, पीपल, गुलाचीन, साइकस, इमली मुख्य हैं।

- पार्किंग पी—4ः— रैली व समारोह में आने वाले भारी वाहनों के ठहराव हेतु मैदान परिसर से लगभग 04 किमी, दूर अमर शहीद पथ के किनारे एक पार्किंग का निर्माण किया गया है, जिसमें लगभग 800 बसों के पार्किंग की व्यवस्था है। मनोरम दृश्यता की दृष्टि से विभिन्न प्रजाति के पेड़ों का रोपण किया गया है।

- हैलीपेडः— रमाबाई अम्बेडकर मैदान में आने वाले अति विशिष्ट एवं विशिष्ट व्यक्तियों के हैलीकाप्टर के ठहराव हेतु हैलीपेड का निर्माण किया गया है।

<u>कार्य संचालन हेतु विभिन्न जोनों का वर्णन</u>

प्रबन्धक, अनुरक्षण, सफाई एवं रखरखाव के दृष्टिकोण से समस्त परिसर को निम्नवत् 08 जोनों में विभाजित किया गया हैः—

जोन—1 मान्यवर श्री कांशीराम जी पार्क का समस्त क्षेत्र।

जोन—2 मान्यवर श्री कांशीराम जी सांस्कृतिक स्थल से सम्बद्ध समस्त क्षेत्र।

जोन–3 रमाबाई अम्बेडकर मैदान में स्थित मुख्य मंच, पार्क, कॉटेज, पार्किंग, डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा, पैडस्टल इत्यादि।

जोन–4 रमाबाई अम्बेडकर मैदान में स्टेज के सम्मुख निर्मित भव्य सीढ़ियों के नीचे दोनों ओर बनी डोरमेट्री, मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, परिसर के अंदर व बाहर तथा चारों ओर बाउण्ड्रीवाल से लगा हुआ समस्त क्षेत्र।

जोन–5 अतिथि गृह, हैलीपैड, विद्युत सब स्टेशन, चेक पोस्ट तथा परिसर के अन्दर व बाहर तथा चारों ओर बाउण्ड्री वाल से लगा समस्त क्षेत्र।

जोन–6 पार्किंग पी–4 में स्थित ट्वायलेट ब्लॉक, महात्मा गौतम बुद्ध की चौमुखी प्रतिमा, वॉच टॉवर, चेक पोस्ट व बाउण्ड्री वाल से लगा समस्त क्षेत्र।

जोन–7 मान्यवर श्री कांशीराम जी पार्क, मान्यवर श्री कांशीराम जी सांस्कृतिक स्थल (स्मृति उपवन), रमाबाई अम्बेडकर मैदान व परिसर के अन्तर्गत समस्त सफाई का कार्य।

जोन–8 सम्पूर्ण परिसर के विशेष मरम्मत सम्बन्धी कार्य

नियंत्रणाधीन विभिन्न विभागों का विवरण

1. सिविल / सैनिटेशन
2. विद्युत / यांत्रिक
3. जनसम्पर्क एवं टिकटिंग
4. कलात्मक कार्य
5. उद्यान विभाग
6. विशेष मरम्मत
7. हाउस कीपिंग

- स्मारक में उपरोक्त विभागों के अन्तर्गत कुल 960 कार्मिक कार्यरत हैं।